# विशेष रिपोर्ट


# बुलियन

( फरवरी 2023 )



Moneywise. Be wise.

## जनवरी 2023 में सर्राफा की कीमतों में बदलाव (% में)





स्रोत: एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स


जनवरी में कुल मिलाकर कमजोर डॉलर और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में धीमी वृद्धि की संभावना के कारण सोने की कीमतों में लगातार तीसरे महीने बढ़त दर्ज की गई। डॉलर में लगातार चौथे महीने गिरावट दर्ज की गई, जिससे अन्य मुद्राओं के धारकों के लिए बुलियन अधिक आकर्षक हो गया। कॉमेक्स में सोने की कीमतें 6% बढ़ गई और एमसीएक्स में करीब 4% बढ़कर बंद हुई। वर्ष 2022 की अंतिम तिमाही में वैश्विक केंद्रीय बैंक द्वारा सोने की सक्रिय खरीद के कारण भी पिछले तीन महीनों में कीमतों को समर्थन दिया। नवंबर 2022 में 1615.10 डॉलर प्रति औंस के स्तर के निचले स्तर के बाद से सोना 320 डॉलर से अधिक बढ़ गया है, क्योंकि फेड ने दरों में धीमी वृद्धि की शुरुआत की, जिससे सुरक्षित निवेश के रूप डॉलर की मांग भी कम हो गई। चांदी की कीमतें मामूली नुकसान के साथ वर्ष की शुरुआत की।

### आउटलुक

- फरवरी में, सोने और चांदी की कीमतों में उच्च अस्थिरता के साथ कारोबार जारी रह सकता है क्योंकि फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में अनुमानित 25 बेसिस प्वाइंट की वृद्धि की और अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों को बाजार द्वारा नीतियों में लचीलेपन के रूप में देखा गया। लेकिन, पॉवेल ने मौद्रिक नीति को अधिक सख्त करने की चेतावनी दी लेकिन अवस्फीति की प्रगति पर भी ध्यान दिया, जो उनके अनुसार अभी अपने शुरुआती चरण में है।
- यदि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी के अधिक संकेत दिखते हैं और फेड दरों को कम करना जारी रखता है, तो सोने और चांदी के लिए निवेशकों की मांग बढ़ेगी।
- जनवरी में अमेरिकी नौकरी की वृद्धि में तेजी हुई है और गैर-फार्म पेरोल में 517,000 नौकरियों की वृद्धि हुई जो 185,000 के अनुमान से काफी अधिक है। बेरोजगारी की दर 53-1/2-वर्ष के निचले स्तर 3.4% पर आ गई, जो लगातार श्रम बाजार में कमी की ओर इशारा करती है।
- जब तक यू.एस. में रोजगार और अन्य आंकड़ों में तेजी बनी रहेगी, फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में बढ़ोतरी जारी रख सकता है।
- वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार, केंद्रीय बैंकों द्वारा भारी खरीद के साथ खुदरा निवेशकों की ओर से जोरदार खरीद के कारण 2022 में सोने की मांग 11 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। केंद्रीय बैंक की खरीद के कारण पिछले साल वैश्विक स्तर पर सोने की कुल मांग 2021 की तुलना में 18% बढ़कर 4,741 टन हो गई।
- 2022 में केंद्रीय बैंकों ने अपने भंडार में लगभग 70 बिलियन डॉलर मूल्य के 1,136 टन सोने की खरीददारी की, जो 1967 के बाद से किसी भी वर्ष में सबसे अधिक है।
- शुल्क संरचना को सोने के अनुकूल करने के प्रयास में, सरकार ने 2023-24 के अपने बजट में चांदी के आयात पर कुल कर 15% और चांदी के डोर पर 14.35% तक बढ़ा दिया। कीमती धातुओं से बनी वस्तुओं पर आयात शुल्क 22% से बढ़ाकर 25% कर दिया गया।




स्रोतः वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल




स्रोतः वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल

## एमसीएक्स में सोने की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव



स्रोत: रॉयटर्स

## कोमेक्स में सोने की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव



स्रोत: रॉयटर्स

## एमसीएक्स में चांदी की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव



स्रोत: रॉयटर्स

## कोमेक्स में चांदी की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव



स्रोत: रॉयटर्स

फरवरी में सोने की कीमतें 55400-58800 के दायरे में कारोबार कर सकती है और चांदी की कीमतों में भी भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है और कीमतें 64000-72500 के दायरे में कारोबार हो सकती है। कोमेक्स पर सोने की कीमतें 1825-1920 डॉलर के दायरे में और चांदी की कीमतें 20.80-24.60 डॉलर के दायरे में कारोबार कर सकती है।

## कॉमेक्स में सोने-चांदी की कीमतों का अनुपात




स्रोत: रॉयटर्स

**एनॉलसिस:** जनवरी में सोने-चांदी का अनुपात 70-75 के कम दायरे में रहा, क्योंकि सोने और चांदी की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखा गया । फरवरी में अब यह अनुपात अगस्त में 70-77 के दायरे में रह सकता है।

## एसपीडीआर ट्रस्ट में सोने की होल्डिंग की कीमत




स्रोत: goldprice.org

**एनॉलसिसः** एसपीडीआर सोने की कीमते नवम्बर 2022 के बाद से बढ़ना शुरू हुई है और निकट भविष्य में 165-180 के दायरे में रह सकती है।

### एसएमसी कमोडिटी रिसर्च डेस्क

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 ,
4th Floor, Graham Firth Steel Compound,
Off Western Express Highway, Jay Coach
Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600,
Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate
No-4, 5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमरः** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुनः वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।